## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के लगभग छियालीस सौ करोड़ की लागत वाले तेरह किलोमीटर हिस्से का आज करेंगे उद्‌घाटन। साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक करेंगे नमो भारत ट्रेन की सवारी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर अयोध्या में भाजपा के पदाधिकारियों के साथ की बैठक। कार्यकर्ताओं को दिये जीत के टिप्स।
- प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने परखी प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां। कहा– महाकुंभ में सुरक्षा की है पूरी व्यवस्था।
- प्रदेश में कोहरे के साथ शीतलहर का सिलसिला जारी। रेल और हवाई यातायात के साथ आम जन–जीवन भी हुआ प्रभावित।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली गाजियाबाद मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के लगभग छियालीस सौ करोड़ की लागत वाले तेरह किलोमीटर के हिस्से का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब ग्यारह बजे साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन की सवारी भी करेंगे। इस उद्‌घाटन के साथ दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी आसान हो जाएगी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर गाजियाबाद यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त–ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने रूट डायवर्जन के मद्देनजर लोगों से कार्यक्रम के समापन तक वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर जनपद के पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों से रणनीतिक विचार मंथन किया। श्री योगी आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थित सभागार में बैठक कर चुनाव की जीत के लिए चक्रव्यूह रचना को अंतिम रूप देने में उनके साथ प्रदेश के सात मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, गिरीश यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश मिश्रा और जेपीएस राठौर भी शामिल रहे, मुख्यमंत्री ने अपने उद्‌बोधन में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि व्यवस्थित और समर्पित कार्य योजना हमें हर हाल में जीत दिलाएगा। तनमय सोनी आकशवाणी समाचार अयोध्या।***

अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जनकल्याण के अनेक कार्य किए हैं, इसका असर मिल्कीपुर में भी दिखाई देगा।

***दोनों सरकारों ने जन–कल्याण के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए, किसानों के उत्थान के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए और नौजवानों को रोजगार उपलब्ध हो सके इस क्षेत्र में विशेष प्रयास किये हैं और उन प्रयासो का परिणाम आज सर्वत्र दिखाई देता है। अब मिल्कीपुर मे भी कुछ दिनों में दिखाई देगा।***

**********

मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बैठक के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आश्रय स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी हासिल की। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महाकुम्भ के संबंध में अयोध्या में होने वाली तैयारियों को लेकर प्रस्तुतीकरण भी दिया। मुख्यमंत्री ने सभी तैयारियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

**********

ज्ञानवापी प्रकरण में कल वाराणसी के जिला जज की अदालत में प्रकरण से जुड़े सभी मामलों को एक ही अदालत में शामिल किए जाने को लेकर सुनवाई हुई। अदालत ने इसके लिए अगली तारीख अट्‌ठारह जनवरी तय की है। वादी पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन

यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जज ने मामले में पक्षकार बनने वाले लोगों को अगली सुनवाई की तिथि तक यह बताने को कहा है कि किस आधार पर उनको मामले में पार्टी बनाया जाए।

**********

प्रदेश सरकार द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पराली के बदले गोवंश खाद योजना चलाई जा रही है। अभियान के दौरान प्रदेश में लगभग दो लाख नब्बे हजार दो सौ आठ कुंतल पराली एकत्र की गई और किसानों को इसके बदले एक लाख पचपन हजार तीन सौ अस्सी कुंतल गोवंश खाद वितरित की गई।

**********

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कल प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियों पर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि महाकुंभ को लेकर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई हैं। सभी विभागों के समन्वय से कार्य चल रहा है।

***हम लोगों ने जो चीजें घूम कर देखीं और यह पाया कि जो इंफ्रास्ट्रक्चर जो इक्यूपमेंट तथा जो मैनपॉवर है इनमें काफी अच्छा समन्वय है और जो अधिकारी इन चीजों को इंक्रीमेंट कर रहे हैं वो पूरी तरीके से कॉन्फिडेन्ट भी है और हमारी तैयारी भी पूर्ण हो चुकी है इसको और कैसे बेहतर बनाया जाये, इसके बारे में हम प्रयास कर रहे हैं।***

**********

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये गंगा और यमुना नदियों में बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे उपकरणों के माध्यम से जल पुलिस संगम के चप्पे–चप्पे की निगरानी कर रही है। एक रिपोर्ट–

***जल पुलिस योजना के तहत अब तक करीब 2500 जवान तटों की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिए गए हैं। तीन जल पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। तटों पर सुरक्षा की मॉनीटरिंग जल पुलिस के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 17 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। आठ किमी. क्षेत्र में डीप वॉटर बैरीकेडिंग की गई है। दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जवानों की तैनाती की गई है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल देर रात इटावा महोत्सव के प्रदर्शनी पांडाल में आयोजित चक्रव्यूह कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के बाद उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पर्यटन मंत्री ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि वहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सरकार हर प्रकार की व्यवस्था कर रही है।

**एआई तकनीक से लेके मल्टीलेयर सुरक्षा व्यवस्था प्रदेश सरकार और भारत सरकार अर्द्ध सैनिक बल और प्रदेश के बल, कमाण्डो, एयर कमाण्डो इतनी चाक चौबंद व्यव्स्था है कि वहां आप देख रहे होंगे किसी भी तरह की चाहे सुरक्षा का मामला हो, स्वच्छता का मामला हो, स्वास्थ्य का मामला हो या अन्य सुविधाओं व संसाधनों की बात हो किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर हमारी भारत की सरकार, हमारी प्रदेश की सरकार के इस आयोजन को भव्यता, दिव्यता, अलौगिकता के साथ सुरक्षित कुंभ साथ जुडा हुआ कुंभ का आयोजन सफलता पूर्वक करने का काम करेगी।**

**********

महाकुंभ को और अन्य धार्मिक पर्वों को देखते हुए पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कल वाराणसी में दो सौ बारह नये पेइंग गेस्टहाउस के लाइसेंस का वितरण किया गया। पर्यटन विभाग की ओर से आयुक्त प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने पेइंग गेस्ट हाउस संचालकों को इन लाइसेंसों का वितरण किया।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में कोहरे के बीच कड़ाके की ठंड पड़ने के चलते लोगों का जन–जीवन प्रभावित हो गया है। इसका असर रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ा है। लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली कई उड़ाने कल देर से उड़ी। वहीं लखनऊ से दिल्ली जाने वाली दो उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। कोहरे और मौसम के चलते सत्रह उड़ाने प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में रात में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के कई जिलों में ठंड के चलते आठवीं तक के स्कूल बंद कर दिये गये हैं। लखनऊ में ग्यारह जनवरी तक स्कूल बंद रहेंगे। वहीं अयोध्या में सभी स्कूलों को चौदह जनवरी तक बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है।

**********

लखनऊ में खेली जा रही हैंडबॉल की आईएचएफ ट्रॉफी **मेंस यूथ और जूनियर कॉन्टिनेंटल फेज एशिया** में कल खेले गये अन्तिम मुकाबले में कजाकिस्तान की जूनियर टीम ने भारत को चालीस–इकतीस गोल के अन्तर से हरा दिया। इससे पहले भारत ने लीग मैच में बांग्लादेश को हरायां। भारत ने पैंतीस गोल किये जबकि बांग्लादेश की टीम केवल उन्तीस गोल ही कर पाई।

**********